# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डाइट) के रिक्त अकादमिक पदों को प्रतिनियुक्ति से भरने हेतु आवेदन का आमंत्रण

यदि आप छ.ग. राज्य के शासकीय स्कूलों में व्याख्याता/व्याख्याता (पंचायत)/व्याख्याता (नगरीय निकाय), प्रधान पाठक, शिक्षक/शिक्षक (पंचायत)/शिक्षक (नगरीय निकाय) अथवा सहायक शिक्षक/सहायक शिक्षक (पंचायत)/सहायक शिक्षक (नगरीय निकाय) के रुप में कार्यरत हैं तथा स्नातकोत्तर उपाधि में 50% प्राप्तांक के साथ एम.एड./एम.एल.एड./बी.एड./बी.एल.एड./डी.एड.(बी.टी.सी.) योग्यताधारी हैं और यदि आप निम्नानुसार अनुभव/कौशल/विशेषज्ञता/दक्षता रखते हैं तो आप अवश्य आवेदन करें :

(a) प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक/उच्चत्तर माध्यमिक शालाओं में 5 वर्ष से अधिक शिक्षण का अनुभव।

(b) शाला त्यागी बच्चों को स्कूल में भर्ती करने का कौशल।

(c) अध्ययन में पिछड़ते हुए बच्चों को उपचारात्मक अध्यापन का कौशल।

(d) हिन्दी अथवा अंग्रेजी अथवा गणित अथवा विज्ञान अथवा भूगोल अथवा इतिहास की विशेषज्ञता।

(e) उत्कृष्ट कक्षा प्रबंधन का कौशल।

(f) उत्कृष्ट स्कूल प्रबंधन का कौशल।

(g) बाल मनोविज्ञान की उपयोगिता का कौशल एवं

(h) कम्प्यूटर में दक्षता

**कृपया नोट करें :**

(1) प्रतिनियुक्ति पर आवेदकों का चयन विशिष्ट चयन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। (कृपया देखे परिशिष्ट 'ख')

(2) रायपुर डाइट को छोड़कर शेष संस्थानों में प्रतिनियुक्त पर चयनित व्यक्तियों को मूल वेतन का 20% प्रोत्साहन राशि नियमानुसार देय होगा।

(3) कृपया अपनी प्राथमिकता के 3 संस्थानों (डाइट) के नाम अपने अनुभव तथा कौशलों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए उस पर आलेख, प्रतिवेदन, प्रमाण–पत्रों तथा अन्य अभिलेखों के साथ संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, बी.टी.आई. मैदान, शंकर नगर रायपुर पिन कोड 492007 को आवेदन भेजें।

(4) आवेदन की अग्रिम प्रति परिषद् को भेजते हुए विभागीय अनापत्ति (पंचायत एवं नगरीय निकाय के शिक्षकों के संबंध में नियोक्ता की अनापत्ति) सहित आवेदन का विधिवत् अग्रेषण करावें।

(5) आवेदन की अग्रिम प्रति परिषद् में भेजने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2015 है।

(6) आवेदन पत्र का प्रारुप एवं रिक्तियों की जानकारी राज्य के सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) तथा एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट scert.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

(7) पदांकन के समय उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर प्रतिनियुक्ति दी जावेगी। अतः रिक्तियों की संख्या कम व ज्यादा हो सकती है।

(8) अधिक जानकारी हेतु श्री एन.के.प्रधान, सहायक संचालक (मो.नं.7587499911) से संपर्क कर सकते हैं।

(संजय कुमार ओझा)
संचालक

परिशिष्ट – ब

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में रिक्तियों की पूर्ति हेतु

## आवेदन–पत्र का प्रारूप

स्वयं के द्वारा सत्यापित फोटो

प्रति,

संचालक,
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद,
शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ)

1. आवेदक का पूरा नाम : ..............................
2. पिता/पति का नाम : ..............................
3. जन्म तिथि (अंकों में ) : ....................(शब्दों में): ..............................
4. कार्यरत पद का नाम : ..............................
5. प्रथम नियुक्ति दिनांक एवं पद : ..............................
6. वर्तमान पद पर नियुक्ति/पदोन्नति दिनांक : ..............................
7. मूल पद का नाम : ..............................
8. मूल विभाग का नाम (शिक्षा विभाग/आ.जा. तथा अ.जा वि. विभाग/पंचायत एवं ग्रामीण वि. विभाग/नगरीय प्रशासन वि. विभाग ) ..............................
9. कार्यरत संस्था का नाम एवं ..............................
   पता : ..............................
10. स्थायी पता : ..............................
11. डाक व्यवहार का वर्तमान पता : ..............................
12. संपर्क करने के लिए एस.टी.डी कोड एवं दूरभाष कमांक : ..............................
    मोबाइल नं. : ..............................
    ई –मेल पता : ..............................
13. शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता : ..............................
    हायर सेकेण्डरी परीक्षा प्रमाण पत्र (10+2) तथा स्नातक/स्नातकोत्तर/व्यावसायिक परीक्षाओं की अंकसूची के आधार पर निम्न तालिका में जानकारी दी जावे :–

| क | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | परीक्षा के विषय | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | श्रेणी | प्राप्त अंकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

14. स्कूल में अध्यापन का कुल अनुभव – 1. प्राथ./उच्च प्राथमिक– वर्ष ..........माह........
2. हाई स्कूल/हायर सेकन्डरी–वर्ष...... .माह...

कुल अनुभव ..............................

15. कार्य अनुभव का विवरण प्रमाण पत्रों सहित :..............................

(विज्ञापन में दर्शाये क्र. a से h अनुसार )

16. अपनी प्राथमिकता के 3 संस्थाओं (डाइट) के नाम देवें : (1)..............................

(2)..............................

(3)..............................

17. उक्त 3 प्राथमिकता क्रम के अलावा किसी भी डाइट में प्रतिनियुक्ति दिये जाने पर सहमत हों तो उल्लेख करें ..............................

18. अपने अनुभव तथा कौशलों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए उस पर आलेख,प्रतिवेदन, प्रमाणपत्रों तथा अन्य अभिलेख संलग्न करें :..............................

19. कम्प्यूटर दक्षता ( M.S.Office, Excel, PPT, Page Maker, Coral आदि)

20. संलग्न किये गये सत्यापित प्रमाण–पत्रों की सूची :..............................
(पंचायत एवं नगरीय निकाय के अभ्यर्थी अपने नियोक्ता की अनापत्ति अवश्य संलग्न करें।)

**टीप :–** शैक्षणिक योग्यता, अन्य चाही गई योग्यता, अनुभव, व्यावसायिक योग्यता, प्रशिक्षण एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करे ।

**आवेदक के हस्ताक्षर**

## घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है। कोई भी जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के उपरांत भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी।

दिनांक :

स्थान : **आवेदक के हस्ताक्षर**

# Computer Form for Deputation in DIET

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | First Name | | Middle Name | | Last Name |
| 1 | Name of Candidate | | | | | |
| 2 | Father's / Husband's Name | | | | | |
| 3 | Date of Birth | D D M M Y Y Y Y | | | | IN WORDS |
| 4 | Current Post | | | | | |
| | | PS | MS | HS | HSS | Total Experience |
| 5 | Experience in Years and Months | Y Y M M | Y Y M M | Y Y M M | Y Y M M | |
| 6 | Place of Present Posting | | | | | |
| 7 | Department | School Education | Tribal | Panchayat or Nagariya Nikay | | |
| 8 | Post Graduation Subject | 1 | Subject | % of Marks | | |
| | | 2 | Subject | % of Marks | | |
| | | 3 | Subject | % of Marks | | |
| 9 | BTC/D.Ed./ B.Ed. /MEd. With % of Marks | | | % of Marks | | |
| 10 | Other Qualification | | | | | |
| 11 | Skills | 1 | ICT | | | |
| | | 2 | | | | |
| | | 3 | | | | |
| | | 4 | | | | |
| | | 5 | | | | |
| 12 | Place of Choice | 1 | | | | |
| | | 2 | | | | |
| | | 3 | | | | |
| | | | ANY WHERE (Please Tick ) | | | |
| 13 | Mobile No. | 0 | | | | |
| 14 | Email Address | | | | | |

This is to certify that the informations mentioned above are true to the best of my knowledge.

Signature of Candidate

Name:___________________________

परिशिष्ट – ख

# राज्य के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में रिक्त अकादमिक पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया

प्रतिनियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी के बाद पाए गए पात्र आवेदकों की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के पश्चात् प्राप्त अंकों में एम.एड./एम.एल.एड. हेतु निर्धारित अंकों को जोड़कर वरीयता क्रम में विषयवार एवं डाइट वार चयन सूची तैयार की जावेगी–

(अ) **लिखित परीक्षा**– लिखित परीक्षा का समय $2\frac{1}{2}$ घंटा का होगा। इसमें प्रश्नों के क्षेत्र निम्नानुसार होंगे:–

(1) भाषा बोध (अंग्रेजी एवं हिन्दी) का प्रश्न 50 अंकों का होगा जिसमें न्यूनतम 25 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा किन्तु यह अंक कुल प्राप्तांक में जोड़ा नहीं जायेगा। भाषा बोध (अंग्रजी एवं हिन्दी) में 25 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ही शैक्षिक अभिरूचि, बालमनोविज्ञान एवं तार्किक क्षमता के प्राप्तांक के आधार पर उन्हें साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| (2) शैक्षिक अभिरुचि | 30 अंक |
| (3) बाल मनोविज्ञान | 30 अंक |
| (4) तार्किक क्षमता | 15 अंक |

**लिखित परीक्षा हेतु केन्द्र**– शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रायपुर एवं बिलासपुर तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, अम्बिकापुर एवं बस्तर होंगे। परीक्षा केन्द्र में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

**लिखित परीक्षा की तिथि** 24 जनवरी 2016 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे होगी।

(ब) **साक्षात्कार**– लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों की वरीयता के अनुसार डाइट में रिक्त विषयवार पदो की पूर्ति हेतु साक्षात्कार के लिए लिखित परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। साक्षात्कार हेतु अंकों का वितरण निम्नानुसार होगा–

| | |
|---|---|
| (1) व्यक्तित्व–इसमें सम्प्रेषण एवं आत्मविश्वास सम्मिलित होगा | 5 अंक |
| (2) कौशल–विज्ञापन अनुसार एवं परिषद् में तैयार की गई सूची के अनुसार | 5 अंक |
| (3) समस्या समाधान अभिवृत्ति | 5 अंक |
| (4) विषय ज्ञान | 5 अंक |
| **कुल** | **20 अंक** |

(स) एम.एड./एम.एल.एड. हेतु 5 अंक

(अ), (ब) एवं (स) के कुल अंकों का योग 100 होगा। जिसके आधार पर वरीयता सूची विषयवार एवं डाइटवार तैयार की जावेगी जिसमें से रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र में दिए विकल्पानुसार प्रतिनियुक्ति हेतु चयन सूची बनाई जावेगी।

सक्षात्कार हेतु चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए शासकीय नियमानुसार टी.ए.एवं डी.ए. की पात्रता होगी।

(संजय कुमार ओझा)
संचालक

टीप: नवीन डाईट दुर्ग, बीजापुर एवं नारायणपुर में रिक्त अकादमिक (व्याख्याता) पदों की प्रतिनियुक्ति से पूर्ति हेतु स्कूल शिक्षा विभाग को अनुमति के लिये प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। अनुमति की प्रत्याशा में आवेदन आमंत्रित हैं। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी ।

------000------